No. of Printed Pages : 3

पुस्तिका क्रम संख्या Booklet Serial No.
1003052

DYNO-51
2025
सामान्य हिन्दी
GENERAL HINDI

निर्धारित समय : तीन घण्टे] [अधिकतम अंक : 100
Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 100

विशेष अनुदेश : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(2) प्रत्येक प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं ।
(3) निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र अनुक्रमांक तथा कोई भी नाम या पता न लिखें । आवश्यकता होने पर क, ख, ग या x, y, z लिख सकते हैं ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग **1000** शब्दों में निबंध लिखिए । 25
(क) राष्ट्रवाद के विविध पहलू
(ख) युद्ध काल में बुद्ध की प्रासंगिकता
(ग) भारतीय जीवनमूल्य पर बाज़ारवादी अर्थव्यवस्था का प्रभाव

2. निराशा कुंठा और प्रवंचना की जननी है । इसका अंतिम रूप पलायन है । यह कभी भी मानव या पशु को अपना नहीं बना सकती है । इससे लघुता एवं क्षुद्रता का जन्म होता है । व्यक्ति के मन में विविध प्रकार की ग्रंथियाँ उत्पन्न हो जाती हैं । वह कुंठाग्रस्त हो जाता है । हालाँकि आशा मनुष्य को मुक्त बनाती है और वह स्वच्छंद रूप से निर्भीक विचरण करता है । उसके मुखमंडल पर सौम्य स्मित बिखरी रहती है । वह सदा प्रफुल्लित रहता है और चतुर्दिक मानो प्रेम की वृष्टि करता है । निराशावादी चेहरा चिंता की रेखाओं से घिरा रहता है । वह सीमित घेरों का निर्माण करता है । हिसाबी आँखों से सदा संसार को देखता है । दूसरों के आनंद से दु:खी होना ही उसकी वृत्ति होती है ।
(क) उपर्युक्त गद्यांश का मूलभाव स्पष्ट कीजिए । 3
(ख) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए । 5
(ग) अवतरित गद्यांश का समुचित शीर्षक दीजिए । 2

TARGET FOR IQ
UPPSC original question paper | UP APO Mains 2025 | Paper 51
01 / 3

3. निम्नलिखित शब्दों के **चार–चार** पर्यायवाची शब्द लिखिए । 5
हेय, स्वच्छ, शृंगार, प्रकाश, अनिवार्य

4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ स्पष्ट करते हुए इनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए । (2×5=10)
मुमूर्षु, विक्रांत, लोकोत्तर, प्रत्यागत, क्रोध

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम रूप लिखिए । 5
प्रचुर, तम, तीव्र, आसक्त, प्रातः

6. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए । 5
बुद्धिमानता, निरपराधी, लब्धप्रतिष्ठित, एकत्रित, पौरुषत्व

7. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए । 5
काठ, खाई, समझ, माँ, सौरी

8. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक–एक** शब्द लिखिए । 5

(क) जिसे जीत लिया गया हो

(ख) आश से बहुत अधिक

(ग) जिसका संबंध उपन्यास से हो

(घ) जो कठिनाई से मिलता है

(ङ) वह स्थिति जब मुद्रा का चलन अधिक हो

9. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए । 5

(क) प्रियंका एक कचौड़ी खायी ।

(ख) हम तो अवश्य ही जायेंगे ।

(ग) जिलाधिकारी का कथन है कि सभी नियम का पालन करें ।

(घ) घर का युद्ध विनाशकारी होता है

(ङ) धान की विविध प्रजाति की पौधे तैयार हैं ।

TARGET FOR IQ
UPPSC original question paper | UP APO Mains 2025 | Paper 51
02 / 3

10. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए । (2x5=10)

(क) पलक पाँवड़े बिछाना

(ख) सिर मुँडाते ओले पड़ना

(ग) ईंट से ईंट बजाना

(घ) चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना

(ङ) कलेजा ठंडा होना

11. 'भारतीय ज्ञान परंपरा के औचित्य' पर संक्षेप में अपने विचार व्यक्त कीजिए । 5

12. अपने क्षेत्र में प्रदूषण की मात्रा में लगातार हो रही वृद्धि की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 300 शब्दों में एक पत्र लिखिए । 10

TARGET FOR IQ
UPPSC original question paper | UP APO Mains 2025 | Paper 51
03 / 3